**भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय**
**शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल**
Website:www.bsgmp.net E_mail: bsgmadhypradesh@gmail.com Phone ☎: 2661263, Fax: 2737446

पृ0 क्र0 / 4397 / रामु / गतिविधि / 20123 — भोपाल, दिनांक 05 / 10 / 2013

प्रति,

श्री / श्रीमती / सुश्री ..........................................

....................................................................................

....................................................................................

विषय :– **राज्य स्तरीय स्काउट–गाइड बैज समिति बैठक का कार्यवाही विवरण** ।

सन्दर्भ :– रा0मु0का पत्र क्र0 / 3214–15 / गतिविधि / 2013 भोपाल, दिनांक 14 / 8 / 2013

–0–

विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्रानुसार राज्य स्तरीय स्काउट–गाइड बैज समिति बैठक का आयोजन दिनांक 9 सितम्बर 2013 को राज्य मुख्यालय भोपाल पर किया गया, जिसका कार्यवाही विवरण संलग्न पत्रानुसार आपकी ओर सादर प्रेषित है ।

संलग्न – कार्यवाही विवरण

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

पृ0क्रमांक / 4398 / रामु / गतिविधि / 2013 — भोपाल, दिनांक 05 / 10 / 2013

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु–

1. राज्य मुख्य आयुक्त, राज्य मुख्यालय भोपाल ।
2. संयुक्त राज्य सचिव, राज्य मुख्यालय भोपाल ।
3. राज्य संगठन / प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट / गाइड) राज्य मुख्यालय भोपाल ।
4. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड) संभागीय मुख्यालय ......................।
5. जिला शिक्षा अधिकारी / सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास पदेन जिला कमिश्नर (स्काउट / गाइड) जिला ...................................................।
6. जिला संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड) जिला संघ ...................................................।
7. समस्त कक्ष प्रभारी राज्य मुख्यालय भोपाल ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल

Website:www.bsgmp.net, E_mail: bsgmadhypradesh@gmail.com, Phone ✆: 2661263,2737446 Fax: 2737446

# राज्य स्तरीय स्काउट–गाइड बैज समिति की बैठक दिनांक 9 सितम्बर 2013 का कार्यवाही विवरण

दिनांक 9 सितम्बर 2013 को राज्य स्तरीय स्काउट–गाइड बैज समिति की बैठक का आयोजन राज्य मुख्यालय भोपाल के सभाकक्ष में श्री आर0एस0 तिवारी विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे ईशप्रार्थना से प्रारंभ किया गया । बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुये –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अनिता अंकुलनेरकर | संयुक्त राज्य सचिव राज्य मुख्यालय भोपाल |
| 2 | श्री प्रकाश दिसोरिया | राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) रा0मु0भोपाल |
| 3 | श्रीमती सी0के0उपाध्याय | राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) रा0मु0भोपाल |
| 4 | श्री आर0एन0तिवारी | राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) रा0मु0भोपाल |
| 5 | श्री आर0के0तिवारी | लीडर ट्रेनर (रोवर) कोलगवॉ जिला सतना |
| 6 | श्री भीकाराम कुशवाह | लीडर ट्रेनर (कब) जिला मुरैना |
| 7 | श्री वीरसिंह यादव | हिमालय वुड बैज (स्काउट) जिला मुरैना |

श्री प्रकाश दिसोरिया राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) द्वारा पिछली बैठक के कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया कि–

1 40 जिलों में बैज समिति गठन की जानकारी है लेकिन कार्यवाही विवरण कुछ जिलों के ही प्राप्त हो रहें है । जिलो में गठित समितियों की बैठक नहीं हो पा रही है जो खेद का विषय है ।

2
- 1 जिलों में स्वतंत्र परीक्षकों की नियुक्ति की गई है । जिसमें एक विषय पर एक ही परीक्षक नियुक्त किया गया जबकि 4 या 5 परीक्षक नियुक्त की जा था जिससे स्काउट–गाइड को परीक्षक सरलता से उपलब्ध हो सके ।
- 2 जिस विषय पर परीक्षक नियुक्त किये गये है वे ही उस विषय पर जॉच लेकर टेस्टकार्ड पर हस्ताक्षर करेगें ।
- 3 जिलों में स्वतंत्र परीक्षकों की नियुक्ति संबंधित विषय के जानकार स्काउटर–गाइडर से सहमति पत्र प्राप्त कर नियुक्त की जावे एवं दिये गये फार्मेट में सूची तैयार कर जारी की जावें तथा इनकी सेवायें जॉच कार्यो में ली जावें तथा नियुक्त स्वतंत्र बैज परीक्षक को विषय से संबंधित पाठ्यक्रम भी दिया जावे ।
- 4 संबंधित संभाग के ए0एस0ओ0सी0 गठित समितियों की एवं नियुक्त स्वतंत्र परीक्षकों की सूची डी0ओ0सी0/डी0टी0सी0/जिला सचिव से प्राप्त कर मानिटरिंग करेगें । जिस जिले में वैतनिक डी0ओ0सी0 नहीं है वहॉ मानसेवी डी0ओ0सी0 से सूची प्राप्त करें ।

3 जिला स्तर के जांच शिविरों में निम्न कार्यवाही आवश्यक है–
- 1 यूनिफार्म, टेस्टकार्ड, प्रथम सोपान का प्रमाण पत्र अनिवार्य है ।
- 2 ए0एस0ओ0सी0 व उनके द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि निरीक्षण हेतु शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित हो ।
- 3 दल के पास एडवांसमेन्ट का समस्त रिकार्ड होना चाहिये ।
- 4 किसी कारणवश द्वितीय सोपान का प्रमाण–पत्र जारी नहीं किये गये तो उसे तैयार

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

कर पिछली तिथियों में जारी किया जावे ।

4 संभाग स्तर के जांच शिविर में निम्न कार्यवाही आवश्यक है–

1 यूनिफार्म, टेस्टकार्ड, द्वितीय सोपान का प्रमाण पत्र की छायाप्रति । यदि नहीं है तो इसके लिये संबंधित ए0एस0ओ0सी0 जिम्मेदार होगें ।

2 राज्य मुख्यालय द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से हो ।

5 विद्यालयों में स्काउट–गाइड तैयार हैं लेकिन जिला स्तर पर जांच शिविर का आयोजन नहीं होने से स्काउट–गाइड का एडवांसमेन्ट पूर्ण नहीं हो पा रहा है ।

6 जांच , परीक्षकों के द्वारा की जावेगी । पुनः जॉच 3 सदस्यों को भेजकर करायी जा सकती है ।

7 राज्य मुख्यालय की अनुमति से संभाग स्तर के जांच शिविर, जिलें में अधिक संख्या होने पर उसी जिले में किया जावेगा ।

8 ऐसे विद्यालय जो अपने स्वयं के व्यय पर जांच शिविर में बच्चें भेज रहें हैं उन्हें शिविर में सम्मिलित करावें ।

9 ए0पी0आर0ओ0 भाग–2/3 में दिये गये नियमों एवं राज्य मुख्यालय द्वारा समय समय पर दिये गये निर्देशों का पालन कड़ाई से किया जावे ।

10 रोवर–रेंजर के एडवांसमेन्ट के लिये प्रवीण का प्रशिक्षण जिला स्तर पर एवं जांच संभाग स्तर पर की जावे ।

11 कब–बुलबुल के एडवांसमेन्ट के लिये जिला द्वारा ब्लाक स्तर पर एक दिवसीय हॉलीडे केम्प आयोजित किये जावे । इस केम्प में स्वयं के टिफिन (लंचबॉक्स) के साथ बुलाकर केम्प किये जावे ।

12 जिले में समितियों का गठन कर बैठकें आयोजित कर प्रत्येक स्तर के बैठकों का कार्यावाही विवरण जारी किया जावे एवं लिये गये निर्णय पर कार्यवाही करें एवं निर्णयों पर कार्यवाही करें तथा पालन प्रतिवेदन राज्य मुख्यालय को भेजे ।

निर्देश :–

1 द्वितीय सोपान जॉच शिविर हेतु परीक्षकों की व्यवस्था संबंधित संभाग के ए0एस0ओ0सी0 करेगें , इस हेतु परीक्षकों की सूची जिलों से अनिवार्य रूप प्राप्त कर लेवे एवं प्रतिवर्ष यह व्यवस्था बनाये रखें ।

2 जो भी निर्देश जारी हो उसका विधिवत पालन किया जावे ।

3 कब–बुलबुल के हॉलीडेय केम्प संकुल स्तर पर तिथि, स्थान का निर्धारण कर किया जावे ।

4 जिला स्तर पर रोवर–रेंजर दल का गठन किया जावे ।

5 एडवांसमेन्ट जिलास्तर से संभाग, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रत्येक कार्यक्रमों की मानिटरिंग अनिवार्य रूप किया जावे ।

6 राज्य मुख्यालय के अनुमति से ही शिविर आयोजित किये जावे एवं शिविर में संकलित राशि राज्य मुख्यालय द्वारा नियुक्त संचालक के पास जमा करायी जावे । शिविर संचालक का दायित्व है कि वह समस्त प्रतिवेदन अपने प्रमाणीकरण के साथ निर्धारित तिथि को प्रस्तुत करे ।

7 प्रत्येक स्तर के शिविरों में संभाग/राज्य मुख्यालय के पर्यवेक्षक अनिवार्य रूप से होगें

राज्य संगठन आयुक्त (गाइड)
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
राज्य मुख्यालय भोपाल

राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट)
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
राज्य मुख्यालय भोपाल

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com